D 74314 (Pages : 2) Name..................................

Reg. No..............13..........

FIRST SEMESTER B.A./B.Sc DEGREE EXAMINATION
NOVEMBER 2014

(CUCBCSS–UG)

Common Course – Hindi

A 07 (1) – COMMUNICATION SKILLS IN HINDI

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर एक–एक शब्द में लिखिए :

1. 'तौलिए' एकांकी का रचनाकार कौन है?

   (भुवनेश्वर, उपेन्द्रनाथ अश्क, ममता कालिया, जगदीशचंद्र माथुर)

2. बुलाकीदास किस एकांकी का पात्र है?

   (तौलिए, दो कलाकार, जान से प्यारे)

3. हिन्दी व्यापक अर्थ में कितनी बोलियों का समूह है?

   (15, 18, 13, 12)

4. 'वसन्त के घर की नौकरानी का नाम क्या है?

   (बासन्ती, मंगला, कमला, रधिया)

5. भारतीय संविधान की किस अनुसूचि में हिन्दी को राष्ट्रभाषा की श्रेणी में रखा गया है?

   (दसवीं, आठवीं, नवीं, पाँचवीं)

6. हिन्दी शब्द का संबंध संस्कृत के ________ शब्द से है।

7. राजभाषा हिन्दी ________ लिपि में लिखी जाती है।

8. 'अनुग्रिहीत' का सही रूप ________ है।

9. 'दो कलाकार' का रचयिता ________ है।

10. Communication के लिए हिन्दी में ________ कहते हैं।

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर (दो–तीन वाक्यों में) लिखिए :

11. राजभाषा से क्या मतलब है?

12. 'औ' का उच्चारण' 'अव्' के रूप में होता है। इसके चार उदाहरण लिखिए।

13. डॉ. कौशिक ने कौन–सा नया रसायन ढूँढ निकाला?

Turn over

14. 'जाने आप किस दुनिया में रहते हैं । अब तो ऐनक नहीं । ऐनक हो तो कौन–सा आपको कुछ दिखायी देता है
– यह प्रसंग कौन किससे कहता है? यह प्रसंग किस एकांकी का है?

15. परिनिष्ठित भाषा से क्या मतलब है?

16. हिन्दी का उद्भव अपभ्रंश के किन–किन रूपों से हुआ?

17. 'आपके छोटे लडके के विवाह पर मैंने कवि सम्मेलन करवा दिया था, तीसरे महीने का किराया वह अदा हु
– इस कथन का वक्ता कौन है और श्रोता कौन है? यह प्रसंग किस एकांकी का है?

18. 'मैंने आज सुबह अखबार में आप द्वारा दिया शोक समाचार पढा तो मैं हिल उठा । मैं आपके लिए जीवन का संदेश लाया हूँ? यह नया संदेश क्या है?

19. संचार माध्यमों के प्रमुखतः कितने भेद हैं? वे क्या–क्या हैं?

20. पय्दाइशी, मय्दान, प्रतिग्यां, इस्नान – इन शब्दों का सही रूप लिखिए ।

21. मार्तण्ड ने रामनाथ के पिताजी के चित्र की कौन सीक्षति पहुँचायी और क्यों?

22. कालक्रमानुसार भारतीय आर्यभाषाओं के विकास के कितने सोपान हैं? वे क्या–क्या हैं?

(10 × 2 = 20 m

III. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर (150 शब्दों में) लिखिए :

23. राष्ट्रभाषा की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

24. अस्पताल में डाक्टर और मरीज के बीच संभावित एक वार्तालाप प्रस्तुत कीजिए ।

25. बोलचाल की भाषा के रूप में हिन्दी की विवेचना कीजिए ।

26. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
आज पाँच साल बाद वह पहली बार चैन से सो रही हैं । नहीं तो इन सालों में सारी–सारी रात खाँस–खाँस कर अपना और मेरा जीना हराम किए रखा ।

27. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
संसार का एक महाकवि आपके इस चिडियाखाने–नुमा मकान में रहा पाँचवें महीने का किराया वह अदा हुअ

28. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
तुम्हें मुझसे घृणा है, मेरे स्वभाव से घृणा है, मेरे मित्रों से घृणा है । तुम्हारा वातावरण मेरे वातावरण से घृणा क

(4 × 5 = 20

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29. हिन्दी के विकास के विभिन्न चरणों का परिचय दीजिए ।

30. 'जान से प्यारे' एकांकी की कथावस्तु संक्षेप में लिखकर उसमें अभिव्यक्त विचारों का उल्लेख कीजिए ।

31. आपके प्रिय किसी फिल्म अभिनेता के साथ संभावित भेंटवार्ता प्रस्तुत कीजिए ।

(2 × 15 = 30